केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

शिक्षा केन्द्र, 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली – 110092
दूरभाष 011-22050061 ई-मेल: cbsegames@gmail.com

के.मा.शि.बो./खेल/2016 **18-05-2016**

प्राचार्य

के.मा.शि.बो. से संबद्ध समस्त विद्यालय **परिपत्र संख्या: शै-17/2016**

विषय: द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2016 के आयोजन के सम्बन्ध में

महोदय/ महोदया

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को योग का अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है और वर्ष 2015 से इसे विश्वव्यापी स्तर पर मनाया जाता है|

'योग' एक बहुत पुरानी साधना है जिसे भारत द्वारा विश्व को दिया गया है| **'योग'** संस्कृत का शब्द है जिसका अर्थ 'संयोजन' है जो स्वास्थ्य और खुशी को बढ़ाने के लिए श्वसन तकनीक, अभ्यास और ध्यान का प्रयोग करती है|

जनसमूह के लिए इसकी महत्वता को देखते हुए, इस वर्ष भी द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2016 को मनाया जा रहा है| विद्यालय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन सुबह 7-8 बजे से अपने परिसर में स्वैच्छिक आधार पर व्यापक आयोजन कर सकते हैं|

इसके अतिरिक्त योग के वैज्ञानिक अभ्यास के लिए आयुष मंत्रालय ने 'सामूहिक योग नयाचार' विकसित किया है| इस नयाचार को इस तरह से विकसित किया गया है कि इसके अभ्यास के लिए बहुत कम समय की आवश्यकता होती है जबकि यह व्यक्ति को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करता है| सामूहिक योग नयाचार वेबसाइट www.indianmedicine.nic.in पर संपर्क कर डाउनलोड किया जा सकता है|

बोर्ड से संबद्ध सभी विद्यालयों को इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस के दिन योग को न केवल एक दिन के लिए बल्कि पूरे शैक्षणिक सत्र में विद्यालयी दिनचर्या का भाग बनाने के लिए सलाह दी जाती है|

इस उद्देश्य के लिए, विद्यालय स्वैच्छिक आधार पर आंतरिक गतिविधियों के कैलेण्डर में निम्न को समाहित कर सकते हैं:

1) सामूहिक योग नयाचार का कक्षा VI से ऊपर के विद्यार्थियों द्वारा नियमित रूप से अभ्यास किया जाना चाहिए|
2) विद्यालय संगीतमय योग विषय, पर्व, वाद-विवाद, निबंध, पहेली और 'योग' पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर सकते हैं|
3) विद्यालय की पूरी जनसंख्या को सप्ताह में न्यूनतम एक बार सुबह की सभा के समय सामूहिक योग के प्रदर्शन में शामिल होना चाहिए|
4) विद्यालय माध्यमिक स्तर तक सी.सी.ई. के तहत आकलन के लिए 'योग' को एक गतिविधि के रूप में शामिल कर सकते हैं| ऐंसे आकलन/ग्रेड विद्यार्थी के वार्षिक रिपोर्ट कार्ड में शामिल किए जाऐंगे।

5) प्रत्येक विद्यालय योग/शारीरिक प्रशिक्षण के न्यूनतम एक शिक्षक को, भारतीय गुणवत्ता परिषद के सहयोग से आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित 'प्रमाणीकरण पाठ्यक्रम" में भाग लेने के लिए भेज सकते हैं| इस प्रकार का प्रमाणीकरण प्रत्येक विद्यालय द्वारा अतिशीघ्रता से प्राप्त किया जाएगा| इस सम्बन्ध में अन्य विवरण के लिए आयुष मंत्रालय की वेबसाइट को देखना चाहिए|

विद्यालय को इसके अतिरिक्त योग की गतिविधियों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए सलाह दी जाती है और एक संक्षिप्त रिपोर्ट संयुक्त निदेशक (शा. शि. एवं खेल) के.मा.शि.बो., प्रीत विहार, नई दिल्ली को भेजने के लिए सूचित किया जाता है|

शुभकामनाएँ

हस्ताक्षरित/-
जोसफ इमैनुअल
सचिव

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18-इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत मार्ग, नई दिल्ली-110016
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिती, ए-28, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली
3. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली-110054
4. निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9 चंडीगढ़-160017
5. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101
6. निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111
7. शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर।
8. सचिव, CTSA, ESSESS प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085
9. के.मा.शि.बो. के सभी विभागों के प्रमुख
10. के.मा.शि.बो. के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों
11. अपर निदेशक (शैक्षणिक) के.मा.शि.बो. राउज एवेन्यु, नई दिल्ली
12. बोर्ड के सभी उत्कृष्टता केन्द्र
13. अध्यक्ष के निजी सहायक
14. जन संपर्क अधिकारी, के.मा.शि.बो.

सचिव